an>

Title: Need to take steps for cleaning river Tavi in Jammu.

श्री जुगल किशोर (जम्मू) : आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय की ओर दिलाना चाहता हूँ। मेरा लोक सभा क्षेत्र जम्मू है जो कि जम्मू-कश्मीर प्रदेश की राजधानी है, इसके बीचों-बीच तवी नदी बहती है जो कि बहुत ही पवित्र नदी है। इसका विकास बहुत ही मंद गति से चल रहा है। वहां पर बनने वाली झील के लिए जो फण्ड्स उपलब्ध करवाए गए हैं, वे बहुत ही कम हैं और उस झील का काम रूक गया है। इसके दोनों तटों को सुंदर बनाने के लिए जितने धन की जरूरत है, वह धन भी उपलब्ध नहीं करवाया जा रहा है। यहां पर प्रदूषण को रोकने के लिए जो कदम उठाने चाहिए, वे भी नहीं उठाए जा रहे हैं। मेरा आपके माध्यम से सरकार से यह कहना है कि इस नदी को सुंदर बनाने के साथ-साथ झील के निर्माण का कार्य भी तेज गति से आगे बढ़े, इसके लिए धन उपलब्ध करवाने की जरूरत है। लाखों ऐसे यात्री जो वैष्णों देवी जी के दर्शन करने के लिए जाते हैं, जो कश्मीर में घूमने के लिए जाते हैं, जो पुंछ-राजौरी तक जाते हैं, जम्मू शहर की सुंदरता बढ़ेगी, तभी वे लोग जम्मू शहर में रुक पाएंगे और वहां के नौजवानों को भी इससे रोज़गार मिल सकेगा।

मेरा आपके माध्यम से कहना है कि सरकार इस ओर ध्यान दे और तवी नदी की सुंदरता को बढ़ाने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं।